# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

यह काउंटर नागरिकों को। पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रॉपर्टी अलॉटमेंट लॉगिन (पहल) पोर्टल से जुड़ी सेवाओं का सरल और त्वरित लाभ देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस पहल से जनता का जीडीए कार्यालय के अनावश्यक चक्कर खत्म करके पहल से जुड़ी सभी समस्याओं का एक विंडो पर सभी समाधान और डिजिटल सेवा का सहज अनुभव मिलेगा : **कनिका कौशिक, ओएसडी।**

## जीडीए कार्यालय में बनेगा पहल काउंटर, ओएसडी कनिका ने किया निरीक्षण

### आम जनता को मिलेगा समस्याओं का समाधान, साथ ही ऑफ लाइन मोड में चालान से पैमेंट की सुविधा



**गाजियाबाद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) आम जनता की सुविधा के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश के बाद अब जीडीए के पीआरओ कार्यालय में विशेष 'पहल काउंटर' स्थापित किया जा रहा है। पहल की तैयारी को लेकर जीडीए की विशेषधिकारी कनिका कौशिक ने पीआरओ कार्यालय का निरीक्षण किया।

कनिका कौशिक ने बताया कि यह काउंटर नागरिकों को। पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रॉपर्टी अलॉटमेंट लॉगिन (पहल) पोर्टल से जुड़ी सेवाओं का सरल और त्वरित लाभ देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस पहल से जनता का जीडीए कार्यालय के अनावश्यक चक्कर खत्म करके पहल से जुड़ी सभी समस्याओं का एक विंडो पर सभी समाधान और डिजिटल सेवा का सहज अनुभव मिलेगा।

उन्होंने बताया कि पोर्टल पूरी तरह से लॉन्च के लिए तैयार है। मंगलवार को इसका प्रजेंटेशन उपाध्यक्ष अतुल वत्स के समक्ष प्रस्तुत किया गया, और बुधवार को कौशांबी में क्रेडाई गाजियाबाद के कार्यक्रम में इसका विस्तृत परिचय कराया गया। अब आगामी बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव माननीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

### पहल काउंटर से मिलेगी अतिरिक्त सहायता : अतुल वत्स

जिन नागरिकों को पोर्टल के उपयोग में तकनीकी या अन्य किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी, वे सीधे जीडीए पीआरओ कार्यालय में स्थापित 'पहल काउंटर' पर संपर्क कर सकेंगे। यहां प्रशिक्षित स्टाफ त्वरित समाधान प्रदान करेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण तकनीक के माध्यम से नागरिकों को सुगम, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करने के लिए नई योजनाएं बना रहा है। पहल पोर्टल और पीआरओ कार्यालय में बनने वाला पहल काउंटर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जनता के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा।

### जनता को मिलेंगी ये मुख्य सुविधाएं

**प्रॉपर्टी की जानकारी ऑनलाइन :** हर संपत्ति को एक यूनिक आईडी दी जाएगी। आवंटी अपनी प्रॉपर्टी से संबंधित सभी जानकारियां पोर्टल पर लॉगिन करके देख सकेगा।

**एनओसी के लिए डिजिटल आवेदन :** सम्पत्ति की पूरी राशि जमा करने के बाद एनओसी के लिए अब कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। आवंटी पोर्टल के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षरित एनओसी प्राप्त कर सकेगा।

**किस्तों का ऑटोमैटिक रीशेड्यूलिंग :** निर्धारित किस्तों से अधिक भुगतान करने पर शेष किस्तें स्वतः आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार रीशेड्यूल हो जाएंगी।

## नोएडा स्पोर्ट्स सिटी मामले में कोर्ट के सवालों का जवाब देगा लीगल एक्सपर्ट

**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा स्पोर्ट्स सिटी मामले लीगल एक्शन के लिए प्राधिकरण एक कानूनी सलाहकार का चयन करेगी। ये लीगल एक्सपर्ट उच्च न्यायालय में विभिन्न रिट याचिकाओ में 24 फरवरी 2025 के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने और स्पोर्ट्स सिटी के विभिन्न प्रकरण में समय बद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का काम करेगी। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हम जल्द ही एक लीगल एक्पर्ट का चयन करेंगे। बता दे स्पोर्ट्स सिटी से संबंधित बिल्डरों ने हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में भी रिट फाइल की है।

### प्राधिकरण जल्द करेगा चयन

इसलिए यदि कोर्ट इस मामले से संबंधित कोई भी जवाब प्राधिकरण से मांगता है तो समय से ही इसे फाइल किया जा सके। वहीं स्पोर्ट्स सिटी से संबंधित सभी फाइल सीबीआई को भेजी जा चुकी है। फाइलों से संबंधित जवाब देने के लिए ओएसडी स्तर के एक अधिकारी को नोडल बनाया गया है। वही अधिकारी ही सीबीआई से इंट्रेक्ट होते है और जवाब भी दे रहे है।

नोएडा के स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में चार कंसोर्टियम बिल्डर और 84 सब लीज बिल्डरों पर करीब 9 हजार करोड़ रुपए बकाया है। ये वो पैसा है जिसे लैंड आवंटन के बाद बिल्डरों ने प्राधिकरण में जमा नहीं किया। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में बिल्डर के खिलाफ सीबीआई और ईडी जांच के आदेश दिए है। मामले में सीबीआई अपनी जांच शुरू कर चुका है।

### 2010-11 में हुआ पहला आवंटन

नोएडा में स्पोर्ट्स एक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का कांसेप्ट तैयार करने के लिए एक सलाहकार कंपनी ग्रांड थॉर्नटन को हायर किया। 2008 में पहली बार स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के तहत योजना निकाली गई। योजना को 2009 तक बढ़ाया गया। इसके बाद इसमें लैंड को बढ़ाते हुए 2010-11 से 2015-16 के बीच 32 लाख 30 हजार 500 वर्गमीटर जमीन के लिए 2010-11 में सेक्टर-78, 79, 101, 150, साल 2014-15 में सेक्टर-150 और 2015-16 में सेक्टर-152 योजना निकाली गई।

### योजना के तहत 70 प्रतिशत में बननी थी स्पोर्ट्स एक्विटी

योजना के तहत 70 प्रतिशत भूमि का प्रयोग स्पोर्टस सिटी के लिए और 30 प्रतिशत में आवासीय, ग्रुप हाउसिंग और व्यवसायिक प्रायोजन के लिए था। जिसमें 12 हजार 500 रुपए प्रतिवर्गमीटर दर तय की गई। योजना के तहत जानड्डु इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-78,79 और 101 में 727500 वर्गमीटर जमीन, लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को एससी-01/150 में 8 लाख वर्गमीटर, लोट्स ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एससी-02/150 को 12 लाख और एटीएस को एससी 01/150 को 5 लाख 3 हजार वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई।

### मार्च 2024 तक चारो बिल्डर पर प्राधिकरण का बकाया

| डेवलपर्स | भूखंड सेक्टर | बकाया |
|---|---|---|
| जनाडु इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड (कंसोटियम) | सेक्टर-78, 79 ओर 101 | 1356.88 करोड़ |
| लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड | एससी-01/150 | 2964.23 करोड़ |
| लोट्स ग्रीन्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (कंर्सोटियम) | एससी-02/150 | 2969.87 करोड़ |
| एटीएस होम्स प्राइवेट लिमिटेड | एससी -01/152 | 2027.82 करोड़ |

**सार संक्षेप**

### खड़ी पिकअप में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नोएडा।** सेक्टर-11 स्थित झुंडपुरा में शिव मंदिर के पास खड़ी एक बोलेरो पिकअप में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम में एक दमकल गाड़ी की मदद से आग को बुझा दिया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अग्निशमन विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि झुंडपुरा के शिव मंदिर के पास महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी खड़ी थी। पेट्रोल और सीएनजी से संचालित होने वाली इस गाड़ी में देर रात आग लग गई थी। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है और ना कोई इसमें फंसा था।

### सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन



**नोएडा।** सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट, नोएडा ने आज अपने परिसर में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कर सतत विकास, जीरो वेस्ट और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से 55 से अधिक छात्राओं और उनके अभिभावकों ने भाग लिया तथा बेकार वस्तुओं से उपयोगी और आकर्षक उत्पाद बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में जीरो वेस्ट, पुनः उपयोग (रीयूज), पुनर्चक्रण (रीसायक्लिंग) और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार -7,000 द्वितीय पुरस्कार- 5,000, तृतीय पुरस्कार-3,000। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए, जबकि विजेताओं को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### चार साल तक सहमति संबंध में रहकर शादी से किया इनकार, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** एक युवक और युवती की डेटिंग एप पर मुलाकात हुई और दोस्ती करने के बाद दोनों चार साल तक सहमति संबंध में रहे। जब युवक ने शादी से मना कर दिया तब युवती ने पुलिस से शिकायत की। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है। कोतवाली सेक्टर 113 क्षेत्र स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली युवती ने पुलिस से शिकायत की है कि वर्ष 2021 में ऑनलाइन डेटिंग एप हैपेन पर उनकी मुलाकात शुभम गुप्ता नामक एक युवक से हुई। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। युवती का आरोप है की शादी का झांसा देकर शुभम गुप्ता ने सेक्टर 75 स्थित एक सोसाइटी में सहमति संबंध में रहने के लिए कहा।

## संगठन की मजबूती को लेकर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने की वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ बैठक



**गाजियाबाद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। महानगर कांग्रेस कमेटी पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 100 वार्ड में वार्ड अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में वार्ड स्तर पर किस तरह कांग्रेस पार्टी को जमीनी मुद्दे उठाकर के मजबूत किया जाए। उस बारे में सभी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महासचिव संजीव शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, वी के अग्निहोत्री जी बाबूराम शर्मा सृष्टि के जिला अध्यक्ष सूर्यकांत, सलीम सैफी आशीष प्रेमी, डॉ. नरेंद्र शर्मा विनोद शर्मा आशीष गुप्ता, सविता गौतम, लियाकत अली प्रधान, नाहर सिंह, एडवोकेट चंद्रपाल समसुद्दीन उदय सिंह पाल विकास शर्मा एडवोकेट राकेश कुमार गोपाल भाटी मुखर्जी, नरेंद्र मास्टर, हरपाल सिंह, विजेंदर जाटव, आदि सम्मानित साथी मौजूद रहे।

## बीओटी आधार पर शहर में बनाए जाएंगे चार एफओबी

**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में चार जगह नए फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने की तैयारी है। नोएडा प्राधिकरण इनका काम जून-जुलाई में शुरू करा देगा। इनमें एस्केलेटर के अलावा लिफ्ट की भी सुविधा होगी। ये एफओबी बिल्डर आपरेट ट्रांसफर के आधार पर बनाए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि चारों एफओबी बनाने के लिए सीईओ ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। अब टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मॉडल यानी बीओटी के आधार पर जो भी निजी कंपनी परियोजना का निर्माण करती है, वहीं इसे संचालित करती है। यहां पर जो एजेंसी एफओबी बनाएगी, वह विज्ञापन के जरिए अपनी आय प्राप्त करेगी। प्राधिकरण निर्माण के लिए कोई खर्च नहीं देगा। जो एजेंसी एफओबी बनाएगी, वह आठ साल तक उसका संचालन करेगी। अधिकारियों ने बताया कि सभी एफओबी 96 मीटर से लंबे बनाए जाएंगे। काम शुरू होने पर पूरा होने में करीब एक साल का समय लगेगा। इससे लोग सुरक्षित तरीके से सड़क पार कर सकेंगे। एक एफओबी को बनाने में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्राधिकरण सेक्टर-50-51 व 72 के बीच, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर 143 व 168 के बीच, सेक्टर-96-97 व 104 के बीच और सेक्टर-76 व बरौला गांव के बीच एफओबी का निर्माण किया जाएगा।

## फॉर्च्यूनर सवार कारोबारी की गोली से घायल ट्रक चालक की मौत

**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। हॉर्न बजाने के विवाद में सेक्टर-63 में नशे में धुत्त फॉर्च्यूनर सवार कारोबारी की गोली से घायल ट्रक चालक की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रविवार को मौत हो गई। ट्रक चालक का पिछले 10 दिनों से इलाज चल रहा था और वह आईसीयू में भर्ती था। कोतवाली सेक्टर 63 पुलिस इस मामले में दूध कारोबारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मूल रूप से बदायूं के हजरत पुर थाने के बोमनपुरा गांव के रहने वाले 29 साल के लालू प्रसाद हल्दीराम कंपनी में ट्रक चलाते थे। 17 अप्रैल की आधी रात के वक्त वह ट्रक लेकर नोएडा से जा रहे थे। सेक्टर-63 में जिंजर होटल कट के पास खड़ी एक फॉर्च्यूनर कर से पास लेने के लिए उन्होंने हॉर्न बजा दिया था तभी शराब के नशे में दूध फॉर्च्यूनर सवार कारोबारी विकास कुमार ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी थी। गोली ट्रक चालक के सिर में लगी थी और उन्हें गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन के बाद रविवार को सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान ट्रक चालक लालू प्रसाद की मौत हो गई। एसीपी राजीव गुप्ता ने बताया कि सफदरजंग अस्पताल में ट्रक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई और पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी दूध कारोबारी विकास कुमार और उसके साथी ललित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## पहलगाम में मारे पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धाजंलि




**गाजियाबाद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पार्श्वनाथ रेगालिया सोसायटी साहिबाबाद से लेकर खेतान स्कूल तक कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए सनातनी पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। साहिबाबाद RWA महासंघ के तहत पार्श्वनाथ रेगालिया, वृन्दावन गार्डन पूर्वी रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, अन्नपूर्णा सोसाइटी, स्वर्ण रेजिडेंसी सोसाइटी, सिरोही एन्क्लेव, गिरधर एन्क्लेव, वृन्दावन ग्रीन सोसाइटी और आसपास से आये वृद्ध जन, महिलाओं, बच्चों, युवाओं, क्षेत्र के छोटे व्यपारियों और समस्त सोसाइटियों के पदाधिकारियों ने इस केंडल मार्च में हिस्सा लिया। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आतंकी घटना के लिए पाकिस्तान को अकल्पनीय सबक सिखाने की मांग उठाई। साहिबाबाद RWA महासंघ के संयोजक प्रमोद राणा के साथ साथ सभी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास दिखाते हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों का इस बार मूल विनाश करने कि बात कही। पहलगाम हमले से पूरे देश के आम जनता में बहुत गुस्सा है। पूरे देश में हर जिले, तहसील, कस्बों, गांव, सोसाइटियों में आये दिन केंडल मार्च निकाले जा रहें हैं। महासंघ और विभिन्न सोसाइटियों से आये पदाधिकारियों एवं जागरूक नागरिक विरेंद्र कुमार, नन्दकिशोर लोधी, विरेंद्र सिंह, प्रीति सिंह, अनू पाण्डेय, प्रवेश विधूडी, रमेश सैनी, कपिल गुप्ता, गौरव दिनकर, देवेंद्र आर्य, अर्जून देव, सुजीत शामिल हुए।

## आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की बर्बरतापूर्वक की गई हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

**खोड़ा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पहल गाम में कायर आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की बर्बरतापूर्वक की गई हत्या के विरोध में जनमानस का आक्रोश चरम पर है। हिंदू संगठनों और आमजन द्वारा जगह चौराहों पर आतंकवादियों और उन्हें पोषित करने वाले पाकिस्तान के प्रति लोगो में उबाल देखने को मिल रहा है। लोगो का आक्रोश दिनोदिन बढ़ता ही जा रहा है।

बेशक केंद्र सरकार सिंधु जल समझौते पर विराम लगाकर पाकिस्तान को पानी की बूंद बूंद के लिए तरसाकर देर सबेर घुटने टेकने के लिए मजबूर कर सकती है। या कोई सर्जिकल स्ट्राइक के द्वारा आतंकियों को पनाह देने वाले मौकापरस्त पाकिस्तान को सबक सिखाने की रणनीति बनाई जा सकती हो। लेकिन आतंकवादियों के द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या से जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। लोगो में रोष बढ़ता ही जा रहा है। परिणामस्वरूप लोग घरों से निकलकर चौराहों पर आतंकवादियों के पुतले फूंक रहे है। पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। कैंडल मार्च निकालकर करके आतंकवादियों द्वारा पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दे रहे है। भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने लोकप्रिय विहार स्थित गोल मंदिर पर एकत्रित होकर कैंडल मार्च निकालते हुए इतवार बाजार पुश्ता पर पहुंचकर कायर आतंकवादियों के पुतले जलाए। भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र यादव के नेतृत्व में देवेंद्र फार्म हाउस पर एकत्रित होकर सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकालते हुए सरस्वती विहार आजाद विहार होते हुए अटल चौक पर पुतला जलाकर आतंकवाद के विरोध जताया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि वर्ष 1993 से अभी तक पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकियों द्वारा पचास बार से ज्यादा हमले निहत्थे लोगों पर करके हजारों निर्दोष लोगों की हत्या करवा चुका है। लोगो ने आतंकवाद के खिलाफ काफी रोष प्रकट करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की गई। मौके पर कुलदीप चौरसिया रोहताश यादव राजेंद्र बाबा सोनू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मारे गए पर्यटकों को अश्रुपूरि श्रद्धांजलि दी गई

## सौहरखा कुश्ती अखाड़े के 7 पहलवानों का राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन



**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कुश्ती संघ गौतम बुद्ध नगर द्वारा अण्डर-15 व अण्डर-17 सब जुनियर बालक एवं बालिका वर्ग जिला कुश्ती चयन ट्रायल का आयोजन रविवार को रंजीत पहलवान कुश्ती एकेडमी सेक्टर-37 नोएडा में आयोजित किया गया। जिसमें सौहरखा कुश्ती अखाड़े के बालक वर्ग फ्री स्टाइल में पहलवान लक्की यादव 62 किलोग्राम, पहलवान लविश यादव 68 किलोग्राम, हर्ष पहलवान 55 किलोग्राम, टाईगर पहलवान 75 किलोग्राम, निखिल पहलवान 48 किलोग्राम, अनुराग पहलवान 52 किलोग्राम, वही बालिका वर्ग 66 किलोग्राम में पहलवान वैष्णवी यादव का मई मे होने वाली सब जुनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। सौहरखा कुश्ती अखाड़े के संचालक व कोच इन्द्रजित पहलवान ने राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए सब जुनियर में 7 पहलवानों का चयन होने पर सभी पहलवानों को बधाई दी। इस मौके पर सौहरखा जनहित संघर्ष समिति के प्रवक्ता रवि यादव, राजेश पहलवान, दिनेश पहलवान, अंकित पहलवान, दुर्गविजय पहलवान आदी लोग उपस्थित रहे।

## मेवाड़ में अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन हुआ सार्थक संवाद

**गाजियाबाद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद मानवता का शत्रु है और हमें एकजुट होकर इसका सामना करना चाहिए। भारतीय सद्भावना मंच के अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग में सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित पर हो रहे सार्थक संवाद कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पहलगाम, बंगलादेश और मुर्शिदाबाद में जो हादसे हुए वे इस्लाम की शरीयत में नहीं आते। यह कलंकित और अमानवीय कुकृत्य है। रसूल के पैगाम का उल्लंघन करने वाला है।




उन्होंने साफ कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले आठ सालों में 3 बड़े काम किए। 370 धारा हटी, वक़्फ़ कानून में संशोधन हुआ और तीन तलाक खत्म किया। अब ये तीनों मानवतावादी कानून बनाये गए हैं। लेकिन विपक्षी झूठ बोलकर अवाम को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि वज़न वाली चीजें साथ नहीं जातीं। केवल सत्कर्म ही हमारे साथ जाता है। डॉ. इंद्रेश ने कहा कि 5 मिनट मुस्कुराओ तो फ़ोटो अच्छी आती है लेकिन उम्रभर मुस्कुराओगे तो ज़िन्दगी खूबसूरत हो जाएगी। उनके अनुसार अपनी कही हुई बात स्वयं सुनें। उन्होंने वक़्फ़ संशोधन बिल, प्रकृति प्रेम, पर्यावरण, गौरक्षा पर भी अपने विचार व्यक्त किए। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि भारत की 140 करोड़ आबादी में 70 करोड़ युवा हैं। विश्व में सबसे बड़ी युवा आबादी का देश भारत है। अगले 25 साल तक हम आगे ही रहेंगे। मगर इतनी बड़ी युवा आबादी को संभालना भी एक बड़ी चुनौती है। युवाओं को देश की प्रगति से जोड़ना होगा, नहीं तो हम विनाश के कगार पर होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी, छात्र, और विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक सद्भाव को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इनमें आल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के ग्लोबल अध्यक्ष डॉ. उमर अहमद इल्यासी, गुलफाम हुसैन, मंच की संयोजिका साध्वी कल्पना अरुंधति, सलाहकार अर्जुन मूंदड़ा, वक़्फ़ बोर्ड मध्य प्रदेश के चेयरमैन सनव्वर पटेल आदि प्रमुख थे। डॉ. अलका अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### पहलगाम, बंगलादेश व मुर्शिदाबाद के हादसे मुस्लिम शरीयत के खिलाफ : इंद्रेश

## 'अपना घर आश्रम' नोएडा का तृतीय स्थापना दिवस समारोह

**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-34 स्थित 'अपना घर आश्रम' ने अपना तृतीय स्थापना दिवस मनाया ढ्ढ यूपी सरकार ने तीन साल पहले नारी निकेतन, जो अब 'अपना घर आश्रम' के नाम से जाना जाता है के देखभाल की जिम्मेदारी भरतपुर स्थित 'अपना घर आश्रम' को सौंप दिया था। 'अपना घर आश्रम' समाज के आश्रयहीन, बेसहारा, दीन-दुखियों व जीव सेवा के लिए जानी जाने वाली संख्या एवं विशिष्टता की दृष्टि से देश का अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा आश्रम है। इस अवसर पर महिला प्रभु जी द्वारा गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। वहां उपस्थित सभी लोग तालियों से उनका साथ देते रहें और उनकी प्रस्तुति में आत्मविश्वास और हौसला देखकर भाव - विभोर हो गए और प्रभुजनों ने सबका मन मोह लिया। गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और चलते - चलते मेरे ये गीत याद रखना कभी अलविदा ना कहना के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ. बी एम भारद्वाज, संस्थापक- 'अपना घर आश्रम', के शब्दों ने सभी लोगों में सच्ची सेवा के लिए प्रेरित किया। साथ ही नानू राम जिंदल, निरंजन गुप्ता, सोनिया भारद्वाज, शालू गोयल आदि के साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें। 'अपना घर आश्रम' में बेसहारा, लावारिस, असहाय, मजबूर व अछूत बीमारियों से ग्रसित मरीजों की निःशुल्क देखभाल की जाती है।



पीड़ित मानव सेवा का पावन तीर्थ

# प्रादेशिकी

## होशियारपुर से अपहृत बच्चा दार्जिलिंग से छुड़ाया : पुलिस

**होशियारपुर।** पंजाब पुलिस ने डेढ़ महीने पहले अपहृत हुए एक 13 वर्षीय किशोर को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग से अपहर्ता के चंगुल से छुड़ाया है। मॉडल टाउन पुलिस थाना प्रभारी गुरसाहिब सिंह ने रविवार को मीडिया को बताया कि किशोर मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का निवासी था और होशियारपुर में अभिभावकों के साथ किराये के कमरे में रह रहा था। उन्होंने बताया कि सातवीं के छात्र का अपहरण ट्यूटर भूपिंदर सिंह (51) ने किया था। अभिभावकों के अनुसार भूपिंदर सिंह अभिभावकों की अनुमति से दो दिन के लिए किशोर को शिमला ले गया था। बाद में उसने किशोर के परिजनों के नंबर ब्लॉक कर दिए और बच्चे को किसी से बात नहीं करने दे रहा था।

# सैनी ने 'ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0' को झंडी दिखाकर किया रवाना

**सिरसा,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को यहां 'ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0' के समापन अवसर पर साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री सैनी ने कहा कि 'विकसित भारत' और 'विकसित हरियाणा' के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश को नशा मुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए ड्रग फ्री हरियाणा के अभियान में सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर व एकजुट होकर हरियाणा के युवा को सशक्त और मजबूत बनाना है।

उन्होंने संत समाज, खाप पंचायतों, सरपंचों और प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 'नशा मुक्त हरियाणा' बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग का सहयोग नशे के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सभी मिलकर एक मजबूत और स्वस्थ हरियाणा के निर्माण में सहभागी बनें। श्री सैनी ने साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। साइक्लोथॉन रविवार को शहीद भगत सिंह स्टेडियम के नजदीक से शुरू होकर सिरसा के अलग अलग इलाकों से होते हुए आज ओढ़ा में सम्पन्न हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री स्वयं साइकिल चलाकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। श्री सैनी ने श्री सरसाई नाथ जी, श्री गुरु चिल्ला साहिब जी और तारा बाबा जी की धरा को प्रणाम करते हुए कहा कि आज साइक्लोथॉन के माध्यम से सिरसा में ऊर्जा, उत्सव आर एकता का जो अद्भुत संगम देखने को मिला है,





'विकसित भारत' और 'विकसित हरियाणा' के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश को नशा मुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है : नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री हरियाणा

यह नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस साइक्लोथॉन को खाप पंचायतों ने अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को नशे से बाहर निकालने के लिए नशा मुक्ति केंद्र चलाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में भी अलग से नशा मुक्ति खोले हैं। सरकार ने नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पंचकूला में एक अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की है। जहाँ हरियाणा, राजस्थान, पंजाब सहित पांच राज्यों की सांझी रणनीति तैयार होती है।उन्होंने कहा कि हमने सरपंचों से भी आग्रह किया है कि वे अपने गांवों को नशा मुक्त करें, प्रदूषण मुक्त बनाएं, स्वच्छता, स्वास्थ्य इत्यादि मानकों पर उच्च प्रदर्शन करें। प्रदेशभर में पहले स्थान पर आने वाले ऐसे गांव को 51 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर 31 लाख रुपये तथा तीसरे स्थान पर आने वाले गांव को 21 लाख रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने मानस पोर्टल बनाया है, जिस पर कोई भी नागरिक नशे की तस्करी करने वालों की सूचना दे सकता है उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। गौरतलब है कि हिसार से गत पांच अप्रैल से चलाई जा रही साइक्लोथॉन यात्रा रविवार को ओढां के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुई।

## कश्मीरी छात्रों को समस्याएं नहीं आने दी जाएगी : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को आश्वस्त करना चाहा कि हरियाणा में रह रहे कश्मीरी छात्रों को किसी भी तरह की समस्याएं नहीं होने दी जायेंगी। श्री सैनी ने सिरसा में मीडिया से बातचीत में कहा कि कश्मीरी छात्र देश के सम्मानित नागरिक हैं। उनकी रक्षा और सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हमले का पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया जाएगा और प्रदेश में वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा समाप्त कर दिया गया है और सभी को तुरंत प्रभाव से पाकिस्तान जाने के आदेश दिए गए हैं।

# धामी ने चारों धामों में 'मुख्य सेवक भंडारा' के सेवादारों की टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देहरादून,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से चारों धामों में 'मुख्य सेवक भंडारा' के लिए जाने वाले सेवादारों की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'मुख्य सेवक भंडारा' के तहत चार धाम यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर भोजन की व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा शुरू होने वाली है। यात्रा के लिए पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है। चारधाम यात्रा में देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड, देश और विश्वभर से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी



■ यात्रा में देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड आने लगे हैं

श्रद्धालु उत्तराखंड से यात्रा का अच्छा अनुभव लेकर जाएं। सीएम ने चार धाम यात्रा में सेवा का कार्य करने वाले विभिन्न लोगों और संगठनों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा को सफल बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। चार धाम यात्रा में हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा से पहले हर स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर संस्कृति, साहित्य कला परिषद उपाध्यक्ष मधु भट्ट, अजय कोठियाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सीएम धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा कि देहरादून स्थित कैंप कार्यालय में आज केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर आयोजित होने वाले छह दिवसीय मुख्य सेवक भंडारा के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। यह भंडारा सेवा भाव, सामाजिक समर्पण और जनकल्याण की भावना का एक सुंदर उदाहरण है। वाहनों को रवाना कर सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया, जो तन-मन-धन से इस पुण्य कार्य में जुटे हैं।

## जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**सिरसा,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। श्री इन वन एमएसजी भंडारा व रूहानी स्थापना दिवस रविवार को डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत की ओर से देश के अलग-अलग राज्यों में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम डेरा सच्चा सौदा सिरसा से डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से रूहानी सत्संग फरमाया।

इस अवसर पर आशीर्वाद मुहिम के तहत साध-संगत द्वारा बनाकर दिए गए मकानों की चाबियां पात्र परिवारों को सौंपी। वहीं पावन भंडारे की खुशी में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी होस्पिटल्स में जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसके पश्चात अलग-अलग कैबिनों में चिकित्सकों की ओर से मरीजों की जांच की गई। कैंप का लाभ उठाने के लिए आस-पास व दूरदराज से काफी संख्या में मरीज पहुंचे। चिकित्सकों की ओर से मरीजों को परामर्श दिया गया। इसके अलावा उन्हें दवाइयां भी फ्री दी गई। वहीं श्री इन वन एमएसजी भंडारा की खुशी में ड्राप मुहिम के तहत डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु जी व उनकी बेटी हनीप्रीत इन्सां की ओर से डेरा सच्चा सौदा के दूसरे गद्दीनशीन परम पिता शाह सतनाम जी महाराज की जन्मस्थली श्रीजलालआणा सहिब व अपनी जन्मस्थली राजस्थान के श्रीगुरुसर मोड़िया के अलावा सिरसा के आस-पास के गांवों में 10 आरओ युक्त वाटर कूलर लगाए गए, ताकि राहगीरों को ठंडा व स्वच्छ पेयजल मिल सकें।

## सार संक्षेप

### चम्बा में एक व्यक्ति की खाई में गिरने से मौत

**चम्बा।** हिमाचल प्रदेश में चंबा जिला के रजेरा पंचायत में शनिवार शाम को एक व्यक्ति के खाई में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान लवली कुमार (32) निवासी गांव सेईल के रूप में हुई है। चम्बा पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने रविवार को बताया कि लवली मजदूरी करता था और कल शाम घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में पांव फिसलने से गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस ने आज को शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**सिरसा।** श्री इन वन एमएसजी भंडारा व रूहानी स्थापना दिवस रविवार को डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत की ओर से देश के अलग-अलग राज्यों में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम डेरा सच्चा सौदा सिरसा से डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से रूहानी सत्संग फरमाया। इस अवसर पर आशीर्वाद मुहिम के तहत साध-संगत द्वारा बनाकर दिए गए मकानों की चाबियां पात्र परिवारों को सौंपी। वहीं पावन भंडारे की खुशी में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी होस्पिटल्स में जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसके पश्चात अलग-अलग कैबिनों में चिकित्सकों की ओर से मरीजों की जांच की गई। कैंप का लाभ उठाने के लिए आस-पास व दूरदराज से काफी संख्या में मरीज पहुंचे। चिकित्सकों की ओर से मरीजों को परामर्श दिया गया। इसके अलावा उन्हें दवाइयां भी फ्री दी गई।

### जंगल में जानबूझकर आग लगाने पर एक गिरफ्तार

**पौड़ी गढ़वाल।** उत्तराखंड में बढ़ती गर्मी के दौरान, जंगलों में विशेषतया चीड़ के सूखे पत्तों (पिरूल) में आग लगने और उससे पेड़ों में भी आग लगने (बनाग्नि) की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस और वन विभाग दोनो सतर्क बने हुए हैं। इसी दौरान, जानबूझकर जंगल में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) लोकेश्वर सिंह ने बताया कि वनों में कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर या लापरवाही से आग लगने की घटनाएं सामने आती है। जिस कारण वन संम्पदा की हानि होने के साथ-साथ वन्य जीवों को भी नुकसान होता है और मानव जीवन को भी संकट उत्पन्न हो जाता है।

### सुडोकू 6896 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 3 |

# नशे को जड़ से खत्म करना हर एसएसपी व सीपी की जिम्मेदारी : गौरव यादव

**चंडीगढ़,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। 'युद्ध नशा विरुद्ध' अभियान को विस्तार देते हुए, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने अब इसे 'नशा मुक्त पंजाब' मिशन का रूप दे दिया है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिला पुलिस प्रमुखों और पुलिस आयुक्तों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि 31 मई 2025 तक राज्य के प्रत्येक गांव, शहर और जिले से नशे की उपलब्धता को पूरी तरह समाप्त किया जाए। डीजीपी यादव ने कहा कि अब नशा तस्करों के खिलाफ टार्गेट सेट करके योजनाबद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी एसएसपी और सीपी अपने-अपने इलाकों में ड्रग्स के खिलाफ मुहिम का व्यक्तिगत नेतृत्व करेंगे। यदि निर्धारित समयसीमा के बाद किसी क्षेत्र में एक भी ग्राम नशा बरामद होता है, तो संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। सभी जिलों के एसएसपी और पुलिस आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्र के लिए एक व्यापक और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने का आदेश दिया गया है। इस योजना में ड्रग नेटवर्क की पहचान, उनकी जड़ों तक पहुंचने और उन्हें नेस्तनाबूद करने की रणनीति शामिल होगी। प्रत्येक अधिकारी को अपना एक्शन प्लान पुलिस मुख्यालय में प्रस्तुत करना होगा और उसकी समय-समय पर

■ 31 मई 2025 तक राज्य के प्रत्येक गांव, शहर और जिले से नशे की उपलब्धता को पूरी तरह समाप्त किया जाए : डीजीपी




समीक्षा भी होगी। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि नशाखोरी रोकने के प्रयासों में किसी भी स्तर पर देरी या चूक स्वीकार नहीं की जाएगी। तय डेडलाइन के बाद भी यदि किसी क्षेत्र में ड्रग्स की उपलब्धता पाई जाती है, तो संबंधित एसएसपी या पुलिस आयुक्त के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जो अधिकारी अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे, उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को याद दिलाया कि पंजाब पुलिस ने अपने साहस, बलिदान और प्रतिबद्धता से हमेशा राज्य को संकटों से उबारा है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स का अभिशाप पंजाब की नस्लों को अपंग बना रहा है। इसे जड़ से खत्म करना न केवल एक प्रशासनिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह पंजाब के भविष्य को बचाने का अभियान भी है। उन्होंने कहा कि मिशन 'नशा मुक्त पंजाब' को जन आंदोलन का रूप देने के लिए पुलिस विभाग ने प्रदेशवासियों से भी सहयोग की अपील की है।

## पहलगाम में मारे गए सैलानियों को दी श्रद्धांजलि

**सिरसा,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। श्री रामा कल्ब चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों की एक बैठक जनता भवन रोड स्थित रामलीला ग्राउंड में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान अश्वनी बठला व महासचिव गुलशन वधवा ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की और दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की गई। अपने संबोधन में श्री रामा कल्ब चेरीटेबल ट्रस्ट के प्रधान अश्वनी बठला व महासचिव गुलशन वधवा ने कहा कि पहलगाम में सैलानियों के नरसंहार की जितनी निंदा की जाए कम है। संकट की इस घड़ी में पूरा देश दिवंगत लोगों के परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म आपसी प्रेम और भाईचारे की संदेश देते हैं। भारत में सभी धर्मों को मानने वाले लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। कुछ देश विरोधी ताकतें हमारे भाईचारे को बिगाड़ने का कुप्रयास कर रही है, जिसे कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने धर्म के नाम पर निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की है, ऐसे लोग किसी भी धर्म के मानने वाले नहीं हो सकते।

## नरवाल के घर पहुंची कुमारी सैलजा, बोलीं- पूरे देश के लिए दुख की घड़ी है

**सिरसा,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा रविवार को पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले नेवी अफसर विनय नरवाल के परिजनों से मिलने पहुंची। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह पूरे देश के लिए दुख की घड़ी है।

उन्होंने कहा कि इस घटना ने न केवल पीड़ित परिवार, बल्कि पूरे देश और सुरक्षा बलों को गहरी क्षति पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि यह परिवार बहुत बहादुर और संस्कारी है। दुनिया को इस परिवार से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने मृतक विनय नरवाल को याद करते हुए कहा कि वह अपने पीछे खुशियों की यादें छोड़ गया। इस घटना से देश को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसमें हमारे सुरक्षा बल और एक समर्पित अधिकारी भी शामिल हैं। सैलजा ने इस घटना को 'नरसंहार जैसा' बताते हुए कहा कि जिन लोगों ने यह कृत्य किया, वे इंसान नहीं, बल्कि राक्षस हैं। ऐसे लोगों को बयान करने के लिए हमारे पास शब्द भी नहीं हैं। सुरक्षा चूक के सवाल पर सैलजा ने राजनीतिक टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि यह दुख की घड़ी है। अभी इस तरह की बातें करना उचित नहीं। दुनिया ने देखा कि यह घटना कैसे और क्यों हुई। सवाल बहुत हैं, लेकिन यह समय और जगह ऐसी चर्चा के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि समय आने पर सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा पीड़ित परिवार को



50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देने के ऐलान पर भी सैलजा ने कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मीडिया में सामने आए तथ्यों के अनुसार घटनास्थल पर कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था। यह तथ्य की बात है, इसमें कोई राजनीति नहीं। अब जांच होनी चाहिए कि यह सब कैसे हुआ।

उन्होंने कहा कि हमें ठंडे दिमाग से सोचना होगा कि यह क्यों हुआ और आगे क्या करना है। हमारा देश गंगा-जमुना-सरस्वती की संस्कृति वाला है, जहां हर धर्म और जाति के लोग प्रेम और सद्भाव के साथ रहते हैं।

## हिमाचल प्रदेश में लू का कहर जारी

**शिमला,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में शनिवार और रविवार को तीव्र गर्मी का सामना करना पड़ा, जिसमें ऊना तथा पांवटा साहिब ने इस मौसम का सबसे उच्चतम तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। राज्यभर में मौसम पूरी तरह से शुष्क रहा, पिछले 24 घंटों में कहीं भी वर्षा या हिमपात नहीं हुआ जबकि निम्न पहाड़ियों और मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-5 डिग्री सेल्सियस कम रहा, मध्य पहाड़ी इलाकों में तापमान सामान्य से 2-6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। केलांग राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शिमला में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक था। सुंदरनगर (36.5 डिग्री सेल्सियस), कांगड़ा (36.9 डिग्री सेल्सियस) और बिलासपुर (37.5 डिग्री सेल्सियस) जैसे अन्य शहरों में भी असामान्य रूप से उच्च तापमान रहा। कुल्लू के बजोरा और किन्नौर के ताबो में 48 किमी प्रति घंटे की तेज हवाएं चलीं।

## भाजपा की गलत नीतियों के कारण किसान दुखी : गर्ग

**चंडीगढ,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने रविवार को राज्यस्तरीय अनाज मण्डी दौरे के दौरान किसान औंर आढ़तियों से बातचीत करने के बाद कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश का किसान एवं आढ़ती बेहद दुखी है।

गर्ग ने कहा कि मण्डियों में आज भी 31 लाख टन गेहूं पड़ी हुई है। सरकार की लाहपरवाही के कारण मण्डियां गेहूं से भरी पड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के गेहूं खरीद, उठान और भुगतान 48 घंटे में करने के सभी दावे पूरी तरह से विफल सिद्ध हुए है। उन्होंने कहा कि गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से शुरु की गई। आज 27 दिन बीत जाने के बाद भी गेहूं खरीद का उठान और भुगतान नहीं हो पाया है। गेहूं उठान और



■ सैनी के गेहूं खरीद, उठान और भुगतान 48 घंटे में करने के सभी दावे पूरी तरह से विफल सिद्ध हुए है : गर्ग

भुगतान न होने के कारण किसान और आढ़तियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। गेहूं खरीद के समय दो बार बारिश होने के कारण हजारों क्विंटल गेहूं खराब हो गई है और खेतों में बिजली की तारे नीचे लटकने के कारण हजारों एकड़ फसल जलकर राख हो गई है। जिसके कारण किसानों को करोड़ो रुपए का नुकसान हुआ है।

## आईएएस राहुल कुमार अब बिलासपुर के डीसी होंगे

**शिमला,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल सरकार ने 3 जिला उपायुक्तों समेत 14 आईएएस को तबदील किया है। साथ ही तैनाती का इंतजार कर रहे तीन आईएएस अधिकारियों को पोस्टिंग दे दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का यह दूसरा बड़ा प्रशासनिक फेरबदल है। सरकार द्वारा जारी तबादला सूची के मुताबिक आईएएस राहुल कुमार अब लाहौल स्पीति के स्थान पर बिलासपुर के डीसी होंगे। उनके स्थान पर हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, ओबीसी व अल्पसंख्यक मामलों के विभाग की निदेशक किरण बडाना लाहौल स्पीति के उपायुक्त का कार्यभार संभालेंगी। सरकार ने बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक का तबादला हिमाचल पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक के पद पर किया है। वह राकेश प्रजापति को इस पद के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करेंगे। सिरमौर के उपायुक्त सुमित किमटा का तबादला प्रदेश अससी, ओबीसी , अल्प संख्यक मामलों के विभाग के निदेशक के पद पर किया गया है। सरकार ने एनएचएम की मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा का तबादला नाहन के उपायुक्त के पद पर किया है। उनके स्थान पर शिमला में बंदोबस्त अधिकारी का कार्यभार देख रहे प्रदीप ठाकुर का तबादला एएचएम के मिशन निदेशक के पद पर किया गया है। सरकार ने आईएएस निपुण जिंदल से निदेशक आयुष का कार्यभार वापस लिया है। जिंदल एचआरटीसी के एमडी व निदेशक डिजिटल टेक्नोलोजी का कार्यभार देखते रहेंगे। उनके स्थान पर विशेष सचिव वित्त एवं निदेशक लोक वित्त व कोषागार रोहित जम्वाल को निदेशक आयुष का जिम्मा सौंपा गया है। सरकार ने धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त व जफर इकबाल का तबादला कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक के पद पर किया है।

## ड्रग तस्कर का अवैध निर्माण ढहाया, नौ तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब सरकार के आक्रामक 'युद्ध नशियां विरुद्ध' (ड्रग्स के खिलाफ युद्ध) अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई में, कमिश्नरेट पुलिस जालंधर ने लखनपाल गांव में ड्रग तस्करों द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया, जो लंबे समय से एक प्रमुख ड्रग हॉटस्पॉट के रूप में कुख्यात है। अभियान का नेतृत्व कर रही पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने रविवार को कहा कि पारंपरिक रूप से बड़े पैमाने पर नशे की बिक्री और आपूर्ति के लिए बदनाम गांव लखनपाल पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। पंचायत विभाग और जालंधर कमिश्नरेट पुलिस की एक संयुक्त टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए जाने-माने ड्रग तस्करों द्वारा सरकारी जमीन पर बनाए गए अनधिकृत ढांचों को ढहा दिया। यह कार्रवाई, जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों के नेटवर्क की जड़ों को काटना है, इस क्षेत्र को मादक पदार्थों के चंगुल से मुक्त कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस जांच में पता चला है



कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले मुख्य आरोपी हरदीप सिंह उर्फ दीपा - एक हिस्ट्रीशीटर - के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत सात सहित नौ मामले दर्ज हैं। उसके पिता सरबजीत सिंह और भाई संदीप उर्फ सोनू पर भी दो-दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। सुश्री कौर ने कहा कि ध्वस्त किए गए अतिक्रमण का दुरुपयोग मादक पदार्थ तस्कर पुलिस की छापेमारी के दौरान छतों को पार करके भागने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन अवैध संरचनाओं को हटाकर, हमने उनके भागने के रास्ते बंद कर दिए हैं। हम अपनी छापेमारी को

पारंपरिक रूप से बड़े पैमाने पर नशे की बिक्री और आपूर्ति के लिए बदनाम गांव लखनपाल पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी : धनप्रीत कौर, पुलिस आयुक्त

और तेज करना चाहते हैं और गांव को हमेशा के लिए बदनाम करना चाहते हैं। इससे पहले, इस मादक पदार्थ हॉटस्पॉट में कार्रवाई के दौरान, नौ मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि कई अन्य अपने घरों को बंद करके भाग गए थे। गिरफ्तारियों के अलावा, पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत दो संपत्तियों को फ्रीज करने की पहचान की है। नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प को उजागर करते हुए, लखनपाल की ग्राम पंचायत ने गांव के भीतर नशीली दवाओं की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाने का औपचारिक प्रस्ताव भी पारित किया।

## चिकित्सा विशेषज्ञों के स्टाइपंड में 170 प्रतिशत तक की वृद्धि

**शिमला,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ रेजिडेंट, विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट के स्टाइपंड में बढ़ोतरी की घोषणा की है। राज्य सरकार ने चिकित्सा विशेषज्ञों के मासिक स्टाइपंड में 50 से 170 प्रतिशत की वृद्धि की है। वरिष्ठ रेजिडेंट और ट्यूटर स्पेशलिस्ट के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है, जबकि सुपर स्पेशलिस्ट और वरिष्ठ रेजिडेंट (सुपर स्पेशलिस्ट) के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 से बढ़ाकर 1.30 लाख रुपये तक कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में छह मेडिकल कॉलेज और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल हैं। इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज अस्पताल शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा

■ हिमाचल प्रदेश में छह मेडिकल कॉलेज और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल हैं

महाविद्यालय टांडा जैसे संस्थान पोस्टग्रेजुएट सुपर स्पेशलिस्ट और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के सहयोग से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हालांकि, राज्य के मेडिकल कॉलेजों में स्वीकृत 751 पदों में से, वर्तमान में केवल 375 ही भरे हुए हैं, 376 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद रिक्त हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों को आकर्षित करने के एक अन्य कदम में, अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों को पूरा वेतन मिलेगा, जिससे उनके पेशेवर विकास को और बढ़ावा मिलेगा।

# प्रादेशिकी

## आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है केंद्र सरकार : माथुर

**अलवर।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने पहलगाम में आतंकवादी घटना की निंदा करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कदम उठा रही है। श्री माथुर रविवार को राजस्थान में अलवर में स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर सांसद निधि द्वारा तैयार कक्ष में वी शक्ति ट्रस्ट द्वारा बनाए गए स्वामी विवेकानन्द ई-गुरूकुल का लोकार्पण करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दो ज्ञान वाहन (मोबाइल ई-लाइब्रेरी) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पहलगाम में आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि देने के बाद उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर दुनिया के अधिकतम देश हमारे साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत सशक्त राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ में बन रहे एक्सप्रेसवे का किया निरीक्षण

# उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा में बनकर तैयार हो गंगा एक्सप्रेसवेः योगी आदित्यनाथ

■ **यूपीडा व निर्माण में जुटी एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश**



**लखनऊ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का भ्रमण किया और यूपीडा व निर्माण में जुटी एजेंसियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा में एक्सप्रेसवे को तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे पर ग्रुप-1 और ग्रुप-2 के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया, जबकि ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के तहत चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं एक्सप्रेसवे पर कार से यात्रा (राइड) की और क्वालिटी पर खुशी जताई। वहीं उन्होंने पहली बार एक्सप्रेसवे में उपयोग में लाई जा रही जर्मन तकनीक को भी विस्तार से समझा। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने कार्य कर रहे श्रमिकों से भी मुलाकात की और उनके साथ फोटो शूट भी कराया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने तीन जनपदों में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। सबसे पहले वह हरदोई के बिलग्राम तहसील स्थित ग्रुप-3 के 347+000 चैनेज पर गए, जबकि यहां से वह शाहजहांपुर के जलालाबाद स्थित बदायूं-हरदोई ग्रुप-2 पर 242 +650 चैनेज का भी भ्रमण किया। अंत में वह हापुड के गढ़मुक्तेश्वर तहसील के तहत मेरठ-बदायूं ग्रुप-1 पर स्थित 62+200 चैनेज पहुंचे और प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले हरदोई जनपद के मल्लावां व माधोगंज विकास खण्ड में गंगा एक्सप्रेस वे का निरीक्षण करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हसनपुर गोपाल के पास एक्सप्रेसवे के हेलीपैड पर उतरने के बाद कुछ दूर पैदल चलकर एक्सप्रेसवे को देखा। उन्होंने कार से करीब 5 किलोमीटर की दूरी भी तय की। वहीं, उन्हें रोड क्वालिटी और रोड कम्फर्ट के लिए ज्यूरिख यूनिवर्सिटी द्वारा उन्नत टेक्नोलॉजी से भी अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने खुशी जताई।

### गंगा एक्सप्रेसवे की खासियत

- गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण 6 लेन में किया जा रहा है, जिसे जरूरत पड़ने पर 8 लेन में विस्तारित किया जा सकता है।
- इसके राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) की चौड़ाई 120 मीटर है, जबकि डिजाइन स्पीड 120 किमी. प्रति घंटा है।
- यह एक्सप्रेसवे 4 ग्रुप्स में बंटा हुआ है और प्रत्येक ग्रुप में 3 पैकेज हैं।
- इसके तहत 9 जनसुविधा परिसरों का भी निर्माण हो रहा है, जहां यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- वहीं, 2 मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ एवं प्रयागराज) के साथ 19 रैंप टोल प्लाजा (4 नए सम्मिलित) शामिल हैं।
- गंगा नदी पर लगभग 960 मीटर और रामगंगा नदी पर लगभग 720 मीटर लंबाई का दीर्घ सेतु भी प्रस्तावित है।
- यही नहीं, शाहजहांपुर (तहसील जलालाबाद) के पास 3.5 किमी. की हवाई पट्टी का भी निर्माण प्रस्तावित है।
- इस एक्सप्रेसवे से कुल 12 शहर जुड़ेंगे, जिनमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज हैं। कुल 518 गांव एक्सप्रेसवे से आच्छादित हो रहे हैं।
- 7453.15 हेक्टेयर भूमि पर निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की कुल लागत 36,230 करोड़ रुपए है।

### वेंक्टेश्वरा में 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल पर 'यूथ समिट-2025' का शानदार आयोजन

# मजबूत होगी राष्ट्रवाद की अवधारणा : कपिलदेव अग्रवाल

■ **कमजोर होगा जाति, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्रवाद का बोलबाला : डा. सुधीर गिरि**




**राष्ट्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे युवाः डा. राजीव त्यागी**

**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर 'युवा सम्मेलन-2025' का आयोजन किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मन्त्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश शासन कपिलदेव अग्रवाल, वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, उदयगिरि गोस्वामी, शुभम चौधरी, हिमांशु त्यागी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया ।

कपिलदेव अग्रवाल ने बिल के फायदे गिनाते हुए कहा कि इस शानदार राष्ट्रवादी बिल के लागू होने से जहां एक ओर समय एवं धन की बचत होने के साथ -साथ मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, वही दूसरी ओर देश के नागरिक विशेष रूप से युवा जातिवाद, क्षेत्रवाद, वर्ण, धर्म, सम्प्रदाय से उपर उठकर राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में अपना प्रभावी योगदान दे सकेंगे। प्रधानमन्त्री जी के राष्ट्रहित के सबसे बड़े 'ड्रीम प्रोजेक्ट' में से एक 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल के लागू होने से पूरे देश में सामाजिक समरसता के साथ राष्ट्रवाद की अवधारणा मजबूत होगी। वहीं इससे बार-बार होने वाले अलग-अलग चुनावों में सरकारी धन एवं समय के दुरूपयोग पर अंकुश लगेगा साथ ही साथ चुनावों के दौरान होने वाली आपराधिक घटनाओं के ग्राफ में भी कमी आएगी। इस बिल के लागू होने से इस देश के किसी भी नागरिक का कोई नुकसान नही होने वाला बल्कि प्रत्येक नागरिक विशेष रूप से युवा वर्ग इससे बहुत ज्यादा लाभान्वित होंगे। इस बिल का विरोध केवल कुछ चंद लोग जो देश में 'राजनैतिक एवं आर्थिक अस्थिरता' पैदा करना चाहते है, वो लोग करना चाहते है । लेकिन अब देश की पढ़ी-लिखी युवा पीढ़ी उनके झांसे में नही आने वाली है । हम सबको मिलकर नए मजबूत अखण्ड एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे आना होगा। एक दिवसीय 'युवा सम्मेलन-2025' को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो.(डा.) पीयूष पाण्डेय, डा. मधु चतुर्वेदी आदि ने भी सम्बोधित किया।

## सार संक्षेप

### मेरठ पहुंचे ओपी राजभर विपक्ष पर जमकर बरसे

**मेरठ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक ओमप्रकाश राजभर मेरठ पहुंचे। मेरठ में वो पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। ओपी राजभर ने कहा कि विपक्ष को यूपी में सरकार बनाने के लिए 22 सालों का इंतजार करना पड़ेगा। इससे पहले वो वापस आने वाले नहीं। यूपी में कुर्सी मिलने वाली नहीं है। देश में भी विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं कि वो पुनरू वापस आ जाएं। पहलगाम अटैक पर शोक जताते हुए कहा कि दुखद घटना है। सरकार पूरी तरह उन आतंकवादियों के खिलाफ लगी है। गहन जांच चल रही है जैसे जानकारी हो रही है आतंकवादियों पर एक्शन हो रहा है। कहा कि आतंकवादियों की कोई जाति, धर्म नहीं होता। लेकिन जो उन्होंने किया वो अक्षम्य है। पूरा देश हमलावरों को जवाब देने के लिए एकजुट है।

### दंगल में कहासुनी के बाद मारपीट लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मेरठ।** दंगल के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव खड़ौली में दंगल के दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट की गई। पीड़ित सत्येंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सत्येंद्र ने बताया कि वह गांव में हो रही दंगल देखने गया था। वहां पार्षद पति अनवर सैफी और उनका पुत्र दानिश सैफी मनमानी कर रहे थे। जब सत्येंद्र दानिश के पास गया, तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दीं। इसके बाद उस पर मारपीट की गई। मामले में करीब 100-150 लोग भी शामिल हो गए। सभी ने सत्येंद्र पर हमला किया और फिर मौके से फरार हो गए। दानिश ने पीड़ित को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने छह नामजद और 100-150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आतंकवाद की अर्थी निकालकर जताया विरोध

**मेरठ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मेरठ में छात्रों ने प्रदर्शन किया। छात्रों ने आतंकवाद की शवयात्रा निकाली और अर्थी को नाले में बहा दिया। चैधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मिलकर आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध जताया। रविवार को छात्रनेता विनीत चपराणा के नेतृत्व में सीसीएसयू के गेट पर जमा हुए। इसके बाद मिलकर आतंकवाद का पुतला जलाया। आतंकवाद की शवयात्रा निकाली। अर्थी पर आतंकवाद का पुतला रखकर उसे नाले में बहा दिया।

### गर्मी से लोग हुए परेशान पारा 41 के पार

**मेरठ।** गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। पारा 41 डिग्री के पार जा पहुंचा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 4 दिनों में तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। अप्रैल महीने में इतनी भीषण गर्मी का संकेत अच्छा नहीं है। यही हाल रहा तो मई और जून में गर्मी बहुत रुलाएगी। मौसम विभाग ने इस बार पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था कि अन्य सालों से गर्मी ज्यादा रहेगी। इसका असर अप्रैल के अंतिम सप्ताह से ही दिखाई देने लगा है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मवाना बंद





■ **राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन**
■ **जनता ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई**

**मवाना,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में रविवार को मवाना पूरी तरह बंद रहा। व्यापार मंडल, कोचिंग सेंटर, फल-सब्जी विक्रेता, मेडिकल एसोसिएशन, स्कूल संचालक सहित नगर के विभिन्न संगठनों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और शोक व्यक्त किया। आक्रोशित नागरिकों ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजकर पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक और कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में लिखा गया है कि अब समय आ गया है कि भारत पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दे कि आतंकवाद की कीमत चुकानी ही पड़ेगी। पुलवामा हमले के बाद भारत ने बालाकोट एयर स्ट्राइक से जो नया मापदंड तय किया था, अब उससे भी आगे बढ़ने की जरूरत है। इस बार सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अदृश्य जवाब के बजाय दुश्मन को खुला और ठोस जवाब दिया जाना चाहिए ताकि आतंकवादियों और उनके सरपरस्तों को कड़ा सबक सिखाया जा सके। ज्ञापन में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना और आतंकवाद को पालने वालों पर सीधा और निर्णायक प्रहार करना अनिवार्य हो गया है। साथ ही देश के भीतर मौजूद देशविरोधी तत्वों पर भी कड़ी कार्रवाई कर देश को अंदर से मजबूत करने की आवश्यकता है। नगरवासियों ने इस भीषण हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों और नवविवाहित जोड़ों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि 27 की जगह 2700 आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाना अब जरूरी हो गया है। मवाना की जनता ने सरकार से मांग की कि पाकिस्तान को इस दुस्साहस का माकूल और करारा जवाब अवश्य दिया जाए ताकि 140 करोड़ देशवासियों के आक्रोश को शांत किया जा सके। बंद के दौरान शहर में शांति रही। लोग स्वतः स्फूर्त भाव से अपने घरों में रहे और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई।

# पाकिस्तान के खिलाफ निकाला कैंडिल मार्च




**मवाना,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर की तक्षशिला कॉलोनी में शनिवार देरशाम पहलगाम हमले के विरोध में केंडिल मार्च निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया गया। बीती 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा अंधाधुंध गोलियां बरसाकर जो निर्दोष पर्यटकों की जाने गई है इस परिपेक्ष में तमाम कॉलोनीवासियों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाते हुए तक्षशिला कॉलोनी के पार्क से खाटू श्याम मंदिर तक कैंडल मार्च निकाला तथा उसके उपरांत पार्क में इकट्ठा होकर पहलगाम में जो निर्दोष जाने गई

■ **मृतकों के आत्मा की मांगी शांति**

है उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर मोमबत्ती लगाकर किया। इस मौके पर मुख्य रूप से एडवोकेट नरेश मित्तल,एडवोकेट पुनीत कुमार,चौधरी चमन सिंह, चौधरी मनोज लांबा,प्रमोद नागर, करण तेवतिया, अमन सिंह लांबा,अतुल कुमार, प्रदीप कुमार,सभासद विनीत चौधरी,सौरभ कुमार,राहुल चौधरी, अमरदीप चौधरी, धीरू यादव अमेरिकन किड्स,कपिल राव, देवेंद्र गुर्जर, एडवोकेट नागर,अनुराग शर्मा, अमित कुमार गुर्जर आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

# गरीब छात्रों को जज व सरकारी अधिकारी बनाने का कार्य करेगी एकेडमीः डॉ. जीके शर्मा



**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। तेज गढ़ी स्थित प्रणब वशिष्ठ ज्यूडिशियल एकेडमी एंड ट्रेनिंग सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रणब वशिष्ठ ज्यूडिशियल एकेडमी एंड ट्रेनिंग सेंटर के ऑनर व डायरेक्टर विश्व प्रसिद्ध विधिवेत्ता व रिटायर्ड जज डॉ0 ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मेरठ में जज, सरकारी वकील व सरकारी अधिकारी बनने के लिए कोचिंग सेंटर का उद्घाटन 1 मई को किया जायेगा।

ट्रेनिंग सेंटर में उच्च स्तरीय व प्रसिद्ध न्यायिक अध्यापक कक्षाओं में छात्र-छात्राओं को शिक्षा व प्रशिक्षण देंगे। अकादमी में अध्यनरत छात्र छात्राओं को पीसीएस(जे), एचजेएस, एपीओ तथा भिन्न-भिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वैज्ञानिक व वैदिक तरीके से कराई जाएगी। जज व सरकारी वकील तथा सरकारी अधिकारी बनने के लिए जो छात्र-छात्राएं देश की राजधानी नई दिल्ली, कोचिंग हब राजस्थान के कोटा शहर व अन्य बड़े शहरों का रुख करते थे, अब उन्हें वहां नहीं जाना पड़ेगा। अब उन छात्र-छात्राओं को उससे भी अच्छा माहौल आपके शहर मेरठ में प्रणब वशिष्ठ ज्यूडिशियल एकेडमी एंड ट्रेनिंग सेंटर में ही मिलेगा। इसका लाभ जज, सरकारी वकील व अधिकारी बनने के इच्छुक छात्र-छात्राएं उठा सकेंगे। शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्राओं के लिए उच्च स्तर की लाइब्रेरी का विशेष प्रबंध किया गया है। पत्रकार वार्ता में सीईओ माधवी शर्मा, प्रणिता वशिष्ठ, एडवोकेट नसीब सैफी, एडवोकेट राजीव गिरी, डॉ. अंजुम जहाँ आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक संगठन ने पाकिस्तान का पुतला फूंका

**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व सैनिक संगठन द्वारा पहलगाम हमले के विरोध में रविवार को मवाना के थाना तिराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका गया इस दौरान पुतले पर जमकर चप्पलें बरसाई गई और पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। संगठन के अध्यक्ष जयचंद फौजी के नेतृत्व में तहसील मवाना के पूर्व सैनिकों एवं सामाजिक लोगों ने पाकिस्तान का पुतला फूंका। जयचंद फौजी ने कहा कि आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में हमला कर देश के 28 सैलानियों की निर्मम हत्या कर दी थी इससे पूरे देश में गुस्से और आक्रोश का माहौल है और देश केंद्र सरकार से यह मांग करता है कि जल्द से जल्द पाकिस्तान पर हमला बोलकर इस कायराना हरकत का बदला लिया जाए पूर्व सैनिकों के कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो पूर्व सैनिक हाथों में हथियार उठाकर सरहद पार कर पाकिस्तान से बदला लेंगे। इस दौरान जयचंद फौजी,विनोद कामिल,रवि गोला,लोकेश कुमार,रवि कुमार,संजीव गौतम,आशीष निवाती,पूर्व सैनिकों में धर्मेंद्र,अमरीश, महेंद्र, देवेंद्र,जसवीर,सुरेंद्र सिंह आदि पूर्व फौजी मौजूद रहे।

# कट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के निदेशक (तकनीकी) एन0 के0 मिश्र ने डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन, मेरठ परिसर स्थित कट्रोल रूम का निरीक्षण किया और मौके पर कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, निदेशक (तकनीकी) ने उपभोक्ताओं की विद्युत हेल्पलाइन नंबर 1912 एवं टोल फ्री नंबर 1800-180-3002 पर प्राप्त हुई शिकायतों और उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली तथा अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निदेशक (तकनीकी) ने हेल्पलाइन नंबर 1912 पर आने वाली विद्युत आपूर्ति, बिल संबधी, ट्रांसफार्मर आदि शिकायतों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कट्रोल रूम निगरानी तत्र को और सशक्त बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता श्री अशोक सुंदरम, श्री अरुण कुमार अधीक्षण अभियंता (तकनीकी), श्री रवि शंकर गुप्ता अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता कंट्रोल रूम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**आयोजित** *सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्व पशु चिकित्सा दिवस आयोजित*

# पालतू पशुओं को व्याधियों से बचाना हमारा कर्तव्य होना चाहिएः प्रो. के के सिंह

**मेरठ, 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कॉलेज आफ वेटरिनरी साइंस में आयोजित विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में बोलते हुए कुलपति प्रोफेसर के के सिंह ने कहा पशु चिकित्सा की आवश्यकता केवल मानव जनित कर्म से ही नहीं बल्कि प्राकृतिक कर्म से भी है। पालतू पशु भी अक्सर व्याधियों के शिकार होते हैं और उन्हें भी चिकित्सा की आवश्यकता होती है इसलिए समय पर बेजुवान पशुओं को चिकित्सा देनी चाहिए।**

■ **इस बार विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2025 की थीम एनिमल हेल्थ टेक्स ए टीम के रूप में मनाया जा रहा है**



उन्होंने बताया कि इस बार विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2025 की थीम एनिमल हेल्थ टेक्स ए टीम के रूप में मनाया जा रहा है।

कुलपति प्रोफेसर के के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रवेश में पशु स्वास्थ्य के मामलों में निवास स्थान का संकट जलवायु परिवर्तन दवाइयां कीटनाशकों पीड़ानासी दवाइयों इत्यादि के अत्यधिक प्रयोग के अलावा प्राकृतिक कारण जैसी चुनौतियां पशुपालकों के सामने आती है जिनके कारण इस क्षेत्र में कार्य किए जाने की आवश्यकता है। कुलपति प्रोफेसर के के सिंह ने अपने संबोधन में कहा पालतू जानवर की देखभाल का एक पहलू यह है जो अक्सर अनदेखा जाता है और वह नियमित चिकित्सा उपचार और टीकाकरण सुनिश्चित करना बहुत से पालतू जानवरों के मालिक इन प्रबंधक उपायों के महत्व को कम समझते हैं।

हालांकि नियमित जांच और टीकाकरण उनकी स्वास्थ्य की रक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और विभिन्न बीमारियों से उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। कुत्ते और बिल्लियों के कल्याण में समर्पित वेटरनरी विशेषज्ञों के रूप में पालतू जानवरों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता वेटरनरी डॉक्टर को देनी चाहिए और समय-समय पर कैंप लगाकर उचित पोषण और उनके देखभाल की जानकारी भी लोगों को देना चाहिए उन्होंने कहा कि यदि पशुपालक समय पर अपने पशुओं की समस्या को पहचान कर इलाज कराएंगे तो पालतू जानवरों के लिए एक लंबे और खुशहाल जीवन को सुनिश्चित करने में वह सफल हो सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी गण छात्र-छात्राएं बैटरी कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित रहे।

# मवाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

**मवाना,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मवाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें तथा एक मोटरसाइकिल के पार्ट्स बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अंकुर नागर, सचिन, आदित्य उर्फ जित्ते और आसिफ शामिल हैं। सभी मेरठ जिले के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिलें व उनके पार्ट्स बरामद किए। 26 अप्रैल को थाना मवाना प्रभारी निरीक्षक विशाल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में चौकी सुभाष बाजार के सामने चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध हालत में एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अंकुर नागर बताया। मोटरसाइकिल की जांच में वह चोरी की पाई गई।

